## न्यूज कार्नर

### 19 से शुरू होगा जल गंगा संवर्धन अभियान

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले में भी जल संरक्षण के उद्देश्य से 19 मार्च 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जाएगा। अभियान के शुभारंभ अवसर पर 19 मार्च को जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों में जल स्त्रोतों एवं नदियों के समीप शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं आमजन सहभागिता करेंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में विगत 02 वर्षों में भी प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान का सफल क्रियान्वयन किया गया है।

### 19 को आयोजित होगा सूर्य उपासना कार्यक्रम

**सीहोर।** संस्कृति विभाग द्वारा सृष्टि आरंभ दिवस, वर्ष प्रतिपदा एवं विक्रम संवत् 2083 के शुभारंभ अवसर पर 19 मार्च को प्रातः 10 बजे सीहोर के पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सूर्य उपासना कार्यक्रम में 19 मार्च को प्रातः 10 बजे कलाकारों के दल द्वारा सम्राट विक्रमादित्य की नाट्य प्रस्तुति का मंचन किया जाएगा। साथ ही भारत का नव वर्ष विक्रम संवत पुस्तिका के प्रचार प्रसार सहित जिले के प्रमुख मंदिर और स्थानों पर ब्रम्हध्वज भी स्थापित किए जाएंगे। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव द्वारा कार्यक्रम की तैयारियों के लिए सहायक संचालक श्री आकाश गोयल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही अन्य विभागों के अधिकारियों को भी आवश्यक दायित्व सौंपे गए हैं।

### 7 अप्रैल से होगी गेहूँ खरीदी

**सीहोर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीदी इंदौर, उज्जैन, भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग में 1 अप्रैल से तथा शेष संभागों में 7 अप्रैल से की जाएगी। गेहूँ की खरीदी शासकीय कार्य दिवसों में सुबह 8 से रात 8 बजे तक की जाएगी। उन्होंने बताया है कि सरकार ने गेहूं खरीदी पर 40 रुपये अतिरिक्त बोनस देने का भी फैसला लिया है। अब प्रदेश में गेहूं की खरीदी 2625 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी। मंत्री श्री राजपूत ने बताया है कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये कुल 19 लाख 4 हजार 651 किसानों ने पंजीयन कराया है। गत् वर्ष 15 लाख 44 हजार किसानों ने पंजीयन कराया था। सीहोर जिले में 1,01,793 किसानों ने पंजीयन कराया है।

### शिविर में किया 689 बच्चों का टीकाकरण

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। एक वर्ष की आयु के 515 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 174 बच्चों का टीकाकरण किया गया।

---

तमाम प्रयासों के बाद भी नरवाई की आग पर नहीं लग पा रही रोक, दोषियों पर नहीं हो रही कार्रवाई

# प्रतिबंध के बाद भी नहीं मान रहे किसान नरवाई की आग कर रही फसल चौपट

**जागरण, सीहोर।** पिछले वर्षों की तरह इस बार भी प्रशासन द्वारा नरवाई की आग लगाने वाले किसानों को दी गई चेतावनी और नरवाई की आग पर प्रतिबंध का कोई असर जिले के किसानों पर नजर नहीं आ रहा है। रबी फसलों की कटाई के बाद से ही जिले भर में खेतों में फसल कटाई के बाद शेष बचे अवशेषों में नरवाई जलाने का सिलसिला लगातार बना हुआ हे। अभी तक जिले में नरवाई की आग से सैंकड़ों एकड़ में खड़ी फसल जलकर राख हो चुकी है लेकिन नरवाई की आग लगाने वाले किसानों के खिलाफ प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने से आग से चौपट हुई फसल का न तो किसानों को उचित मुआवजा मिल रहा है ओर न ही नरवाई जलाने वालों को पकड़ा जा रहा है ऐसे में जिले भर के ऐसे किसान जिनके खेतों में अभी भी फसल पककर कटने के लिए तैयार है। उन्हें भी नरवाई की आग का भय सताने लगा है और वह रात-रात भर जागकर अपने खेतों में खड़ी फसल की रखवाली करने को मजबूर बने हुए हैं।

### मिट्टी की उर्वरक क्षमता पर असर

कृषि विशेषज्ञ रबी फसलों की कटाई के बाद किसानों को लगातार अपने खेतों में नरवाई की आग न लगाने की सलाह देते हुए यह समझाईश भी देते हैं कि खेतों में पड़े अवशेष जलाने से खेत तो साफ हो जाते हैं लेकिन मिट्टी की उर्वरक क्षमता नष्ट हो जाने से आगामी फसलों का उत्पादन तो प्रभावित होता ही है वहीं फसल के लिए लाभदायक कीटाणू भी आगजनी की घटना से नष्ट हो जाते हैं। बीते दिनों सीहोर इछावर और भैंरूंदा तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों में नरवाई की आग से सैंकड़ो एकड़ में खड़ी फसल जलकर नष्ट हो चुकी है।

### ऐसे में क्या करें किसान

आरएके कॉलेज स्थित कृषि मौसम विशेषज्ञ डॉक्टर एसएस तोमर ने नरवाई की आग से कृषि भूमि को नुकसान पहुंचने की बात बताते हुए किसानों को सलाह दी है कि वह फसल कटाई के बाद खेतों में पड़े अवशेषों को जलाने की वाजाय ट्रेक्टर से खाली हुए खेतों में गहरी जुताई करें ताकि रबी फसलों के अवशेष मिट्टी में दब जाएं गहरी जुताई करने के बाद खेतों को खुला छोड़ दें ताकि गर्मी के मौसम में यह अवशेष मिट्टी में दबने के बाद खाद मे परिवर्तित होकर कृषि भूमि की उर्वरता को बढ़ा सकें। मानसून आने के साथ ही किसान इन खेतों को तैयार कर खरीफ फसलों की बोवनी कर सकें और उन्हें आगामी फसल का उत्पादन भी भरपूर प्राप्त हो सके। नरवाई की आग जलाकर खेत खाली करने की परंपरा से कृषि भूमि की उर्वरक क्षमता तो कम होती ही है वहीं फसलों के लिए लाभदायक किटाणू और जीव जंतुओं के नष्ट होने से भी नुकसान होता है।

#### नरवाई नही जलाने के लिए जागरूक किसान कर रहे प्रेरित



कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को नरवाई प्रबंधन के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए कृषि विभाग द्वारा जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए अनेक ग्रामों के जागरूक और उन्नतशील किसानों से संपर्क किया जा रहा है और उन किसानों के सहयोग से अन्य किसानों को जागरूक किया जा रहा है। ग्राम के उन्नतिशील किसान कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर अपने गांव के किसानों को नरवाई जलाने के नुकसानों से अवगत करा रहे हैं और इसके वैकल्पिक तरीकों के बारे में जानकारी दे रहे हैं। इसके अलावा इस संबंध में कृषि विभाग के अमले द्वारा गांव-गांव में लाउडस्पीकर और पोस्टर-बैनर के माध्यम से भी किसानों को समझाइश दी जा रही है कि वे फसल अवशेष (नरवाई) को जलाने के बजाय वैज्ञानिक तरीकों से उसका प्रबंधन करें, जिससे भूमि की उर्वरता बनी रहे, पर्यावरण प्रदूषण से बचाव हो और कृषि उत्पादन भी अधिक हो। कृषि विभाग द्वारा किसानों से अपील की जा रही है कि वे नरवाई न जलाएं और बताए गए वैकल्पिक उपायों को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

---

# दिशा की बैठक के बाद सक्रिय हुआ जिले का खनिज अमला

अवैध खनन और रेत परिवहन करते पकड़े गए वाहन




**जागरण, सीहोर।** जिला मख्यालय पर केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई दिशा की समीक्षा बैठके के बाद खनिज विभाग पर जिस तरह के तेवर दिखाए गए थे उसके परिणाम अब सामने आने लगे हैं। खनिज विभाग के अमले ने नर्मदा तटीय क्षेत्रों में अवैध खनन और परिवहन करने वाले रेत माफिया के खिलाफ कमर कस ली है। विगत सोमवार को खनिज विभाग की टीम ने भैरूंदा तहसील क्षेत्र के नर्मदा घाटों पर छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध रेत परविहन करने में संलिप्त एक पनडुब्बी और अवैध रेत खनन से भरी गई पांच ट्रेक्टर ट्रालियों को जिनसे रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा था। को पकड़ते हुए उन्हें जप्त कर निकटवर्ती थाने की सुपुर्दगी में दिया गया।

खनिज अधिकारी के अनुसार जिले के नर्मदा घाटों पर खनिज अमले द्वारा अवैध रेत खनन करने वालों के साथ ही नर्मदा नदी से बिना अनुमति और रॉयल्टी के रेत का अवैध खनन और रेत का ही अवैध परिवहन करने वाले रेत माफिया के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। बिना किसी भेदभाव के रेत माफियाओं पर लगाम कसने के लिए प्रशासन द्वारा खनिज विभाग के अधिकारियो को कड़े निर्देश दिए गए हैं। खनिज विभाग का अमला भी पूरी मुस्तैदी के साथ राजस्व विभाग और पुलिसकर्मियों के साथ संयुक्त कार्रवाही करते हुए अवैध रेत खनन करने वाले और अवैध परिवहन करने वाले लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहा है।

---

### कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित



**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 38 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में एसडीएम श्री तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### एसडीएम ने एलपीजी वितरकों के साथ बैठक कर दिए आवश्यक निर्देश



**सीहोर।** वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति के कारण, आयात में हुई रुकावट की देखते हुये पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा सभी सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों की यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिए गए है कि एलपीजी की आपूर्ति और विपणन केवल घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं को की जाए। इसी क्रम में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी को रोकने और घरेलू उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडरों के सुचारू वितरण के उद्देश्य से सीहोर एसडीएम श्री तन्मय वर्मा द्वारा एलपीजी वितरकों एवं प्रतिष्ठान संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई और कमर्शियल एवं घरेलू सिलेंडरों के स्टॉक की उपलब्धता की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि एलपीजी सिलेंडर की कोई जमाखोरी और कालाबाजारी की स्थिति पाए जाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान तहसीलदार डॉ अमित सिंह, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री आकाश चंदेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### कन्यादान योजना में 44 हजार जोड़े हो सकेंगे लाभान्वित

**सीहोर।** गरीब, जरूरतमंद, निराश्रित परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए आयोजित किए जाने वाले मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के लिए तिथियों का निर्धारण किया गया है। इनमें अक्षय तृतीया 19 अप्रैल 2026, देवउठनी ग्यारस (तुलसी विवाह) 20 नवंबर 2026, बसंत पंचमी 11 फरवरी 2027 तथा एक अन्य तिथि स्थानीय मांग और कलेक्टर के निर्णय अनुसार निर्धारित की जा सकती है। वर्ष 2026-27 में पक्ष 44 हजार से अधिक विवाह करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस पर राज्य सरकार 242 करोड़ से अधिक राशि व्यय करेगी। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाय योजना के प्रभावी व्यवस्थि और गरिमापूर्ण ढंग से आयोजन के लिए विभाग द्वारा सामूहिक विवाह समारोह में भाग लेने वाले जोड़ों की न्यूनतम संख्या 11 और अधिकतम संख्या 200 निर्धारित की गई है।

# महिला मंडल ने निकाला गणगौर जुलूस, पारंपरिक गीतों के साथ दिए झाले, रेंप वॉक, सोलह श्रृंगार किए





**जागरण, सीहोर।** नगर में गणगौर पर्व उत्साह, आस्था और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मंगलवार को चानकपुरी में मां राजराजेश्वर शीतला माता मंदिर महिला मंडल ने दूल्हा-दुल्हन की झांकी के साथ चल समारोह निकाला। जुलूस चानकपुरी क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से होता हुआ राजराजेश्वरी शीतला माता मंदिर चाणक्यपुरी पहुंचा। जहां पर महिलाओं ने पारंपरिक परिधान के साथ गणगौर के लोकगीत गाए। पूरे रास्ते गोर-गोर गोमती, ईसर पूजे पार्वती जैसे गीत गूंजते रहे। गणगौर में महिलाओं ने पहले पारस्परिक गीत गाये और बाद में ईशर गौरा को झाले दिए। महिला मंडल ने बताया कि यह पर्व महिलाओं के लिए खास होता है। महिलाएं माता गौरी, भगवान शिव की पूजा पूर्ण विधि-विधान से करती हैं।

### बहू बेटियों ने लिया हिस्सा

अग्रवाल महिला मंडल मंडल द्वारा सीहोर में परंपरा अनुसार गणगौर पर्व मनाया जा रहा है जिसमे आज गणगौर का स्वागत हेमा अग्रवाल के घर पर किया गया साथ ही अग्रवाल समाज की नहिलाओं की गोट जा आयोजन भी हुआ जिसमे गेम्स प्रतियोगिता सोलह श्रृंगार और रैंप वाक पर इतराती इठलाती बहू बेटियों ने भाग लिया

गणगौर में महिलाओं ने पहले पारस्परिक गीत गाये और बाद में ईशर गौरा को झाले दिए जिसमे महिलाओं ने हर्षोल्लास के साथ गणगौर पर्व को बनाया इस पर्व में सभी सोलह श्रृंगार करके महिलाए अपने घर से निकलती है अग्रवाल पंचायती भवन से गणगौर लेकर सभी ढोल ढमाके के साथ गणगौर लेकर बाघ बगीचीअग्रवाल के कल गणगौर तारा अग्रवाल जी द्वारा स्वागत किया जाएगा जिसका आयोजन जगदीश मंदिर सब्जी मंडी पर रखा गया है अध्यक्ष अग्रवाल महिला मंडल रुक्मणी, रोहिला प्रेमलता रूठिया तारा अग्रवाल मोहिनी अग्रवाल हेमा अग्रवाल, मालती अग्रवाल संध्या मोदी, मंजू भारतीय ज्योति रूठिया, मधु गोयल ममता पितलिया सभी ने उस पर्व को मनाने की कामना की है 19 तारीक को सिंजरा रहेगा जो की गांधी पार्क जाएगा उस दिन गणगौर स्वर्णकार समाज के द्वारा गाजे बाजे से गणगौर निकाली जाएगी

### हितग्राहियों को प्रदान किए गए लोन के स्वीकृति पत्र

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सीहोर के डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया गया। प्रतिनिधियों द्वारा युवाओं का साक्षात्कार लिया गया तथा योग्यता के अनुसार चयन किया गया। रोजगार मेले में कुल 314 युवक-युवतियों ने पंजीयन कराया तथा 11 कंपनियों द्वारा कुल 198 युवाओं का प्रारंभिक चयन किया गया। का 05 लाख रूपये का लोन स्वीकृत किया गया। इसी प्रकार पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा हितग्राही आसमा बी तथा हितग्राही राजकुमार के 60 हजार रूपये से अधिक के लोन प्रकरण स्वीकृत किए गए।


**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकरी जिला शाजापुर म.प्र.**

क्रमांक/रीडर/2026/521 दिनांक 11/02/2026

**सार्वजनिक सूचना**

एतद द्वारा सर्व सामान्य को सूचित किया जाता है कि 1-कुंदनसिंह पिता श्री लाखनसिंह आयु 21 वर्ष जाति चमार निवासी मकान संख्या 296 दक्षिण भाग ग्राम पटलावदा तहसील शुजापुर जिला शाजापुर म.प्र.एवं (वधू) पूजा पिता श्री कैलाशचंद्र उम्र 21 वर्ष जाति खाती निवासी मकान संख्या 12 कोठरी मानाखेड़ी तहसील आष्टा जिला सीहोर म.प्र. इस न्यायालय में अभिभाषक श्री नरेंद्रकुमार बाजार के माध्यम से हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत उनके विवाह के लिए पंजीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदन के साथ स्वयं का शपथ पत्र, अंकसूची, आधारकार्ड, जाति प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, छोटू पराशर हिंदू विवाह संस्थान समिति भोपाल का सिद्धांत, एवं विवाह पंजीकरण अधिकारी नगर निगम भोपाल द्वारा आवेदन के साथ विवाह पंजीकरण और तीन गवाहों का शपथ पत्र, की छाया प्रति प्रमाण पत्र भी जारी किया गया है।

2-आवेदकगण द्वारा उनका विवाह दिनांक 19-08-2025 को स्थान-हिन्दू विवाह संस्थानम समिति बरखेडीकलां भदभदा रोड भोपाल म.प्र.में सम्पन्न होना उल्लेखित किया गया है। आवेदकगण अब अर्न्तजातीय विवाह प्रोत्साहन योजनान्तर्गत सहायता राशि प्राप्त करने हेतु हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के तहत उक्त विवाह का पंजीयन कराना चाहते है।

3-आवेदकगण के उपरोक्त विवाह पंजीयन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो और वह कोई आक्षेप प्रस्तुत करना चाहता है तो वह इस सूचना के जारी किये जाने के दिनांक से तीस दिन की समाप्ति पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि में कोई आक्षेप प्राप्त नहीं होने पर उक्त विवाह का पंजीयन कर दिया जावेगा।

(बीसस सोलंकी)

अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी

जिला- शाजापुर म.प्र.


---

आज खेली जाएगी फूलों की होली, कथा का भव्य रूप से किया जाएगा समापन

# भगवान कृष्ण और माता रुक्मणी के मंगल परिणय की झांकी सजाई

**जागरण, सीहोर।** भगवान का नाम, सत्संग और भागवत कथा के श्रवण मात्र से समस्त पाप नाश होकर मोक्ष की प्राप्ति होती है। जन्म-जन्मांतर के पुण्य का उदय होने पर भागवत कथा सुनने को मिलती है, जिससे अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष की प्राप्ति होती है। भागवत कथा के श्रवण से बढ़कर इस संसार में कोई ज्ञान, मोक्ष का सरल साधन नहीं है। सभी प्रकार की मनोकामना सिद्ध होती है। उक्त विचार शहर के महिला घाट गंगेश्वर महादेव शनि मंदिर परिसर नदी चौराहे पर आयोजित भागवत कथा के छठवे दिवस ब्रह्मलीन श्री त्यागी महाराज के शिष्य महंत उद्धव दास महाराज ने कहे। मंगलवार को श्रीकृष्ण और रुकमणी का मंगल विवाह कराया गया। इस मौके पर भगवान श्रीकृष्ण के विवाह के बारे में कहा कि सत्य और प्रेम का मिलन ही भगवान का विवाह है।

कथा में भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान के जन्म के छठे दिन ही अविद्या नामक पूतना का वध किया क्यो कि जन्म से ही यह अविद्या साथ होती है। परन्तु जहां भी श्री कृष्ण का चिंतन होता हैं वहां यह अविद्या कभी नहीं आती हैं। उन्होंने बताया कि भगवान के



बारे में कहा जाता है कि वह माखन चुराते थे परन्तु भाव यह है कि भगवान गोपियों के आमंत्रण पर उनके मन के कपट को चुराने के लिए ही जाते थे। क्योंकि जहां तक मनुष्य के मन का कपट दूर नहीं होता तब तक वह भगवान से प्रीति नहीं लगा सकता हैं। इसलिए मनुष्य को पहले अपने मन के विकारों को दूर करना होगा। तब जाकर ही प्रभु की प्राप्ति हो सकती हैं। रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुऐ कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। मौके पर आकर्षक वेश-भूषा में श्रीकृष्ण व रुक्मिणी विवाह की झांकी प्रस्तुत कर विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया गया।

जायसवाल परिवार के औंकार प्रसाद जायसवाल एवं समस्त सनातन प्रेमी भक्तजन तत्वाधान में शहर के महिला घाट गंगेश्वर महादेव शनि मंदिर परिसर नदी चौराहे पर सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को कथा के अंतिम दिवस फूलों की होली खेली जाएगी। जायसवाल परिवार और समिति ने सभी श्रद्धालुओं से कथा का श्रवण करने की अपील की।

## न्यूज कार्नर

### मटन-चिकन की दुकानें बंद रखने की मांग

**जागरण बुधनी।** आगामी 19 मार्च से प्रारंभ हो रहे चैत्र नवरात्रि पर्व को लेकर नगर बुधनी में धार्मिक वातावरण बनने लगा है। इसी क्रम में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं समस्त हिंदू समाज के प्रतिनिधियों द्वारा नवरात्रि के दौरान मटन-चिकन की दुकानों को बंद रखने की मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी बुधनी को ज्ञापन सौंपा गया। नवरात्रि महोत्सव के दौरान भोपाल, बकतरा, नर्मदापुरम सहित विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के जयकारे लगाते हुए सलकनपुर मंदिर की यात्रा पर निकलते हैं। इस दौरान बुधनी नगर आस्था का प्रमुख केंद्र बन जाता है।श्रद्धालु परिवार सहित—महिलाएं, पुरुष और बच्चे—भक्ति भाव से नाचते-गाते हुए यात्रा करते हैं। ऐसे में नगर में मांसाहारी दुकानों के खुले रहने से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचने की आशंका व्यक्त की गई है।ज्ञापन में प्रशासन से मांग की गई है कि नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर की सभी मटन एवं चिकन की दुकानों को अस्थायी रूप से बंद रखा जाए,द्य

### विभाग की कार्रवाई, 12 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

**जागरण बुधनी।** नगर बुधनी में खाद्य विभाग द्वारा होटल और रेस्टोरेंट संचालकों के खिलाफ औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग का बड़ा मामला सामने आया, जिसमें कई प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करते हुए सिलेंडर जब्त किए गए।कार्रवाई के दौरान खाद्य विभाग की टीम, प्रकाश यादव फूड इंस्पेक्टर सहायक जितेंद्र सिंह राजपूत शामिल थे, निरीक्षण के दौरान 20 स्थानों की जांच की गई, जिनमें से 7 होटल एवं रेस्टोरेंट में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करते हुए पाया गया। जांच में कुल 12 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए।कार्रवाई के तहत जिन प्रतिष्ठानों में अनियमितता पाई गई, उनमेंमिल्की का ढाबा, पटेल रेस्टोरेंट, होटल रेवाश्री और होटल काका श्री से 2-2 सिलेंडर, जबकि चाय दरबार और आरोग्य अमृततुल्य से 1-1 घरेलू सिलेंडर बरामद किए गए।खाद्य विभाग के अधिकारियों ने मौके पर ही सभी सिलेंडरों को जब्त करते हुए संबंधित होटल एवं रेस्टोरेंट संचालकों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज किए अधिकारियों ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करना नियमों का उल्लंघन है और इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### नन्ही निशानेबाज नेशनल शूटिंग के लिए क्वालीफाई

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती इस बात को सच कर दिखाया है भैरूंदा क्षेत्र के ग्राम सोंठिया की 12 वर्षीय होनहार बेटी आध्या सिंह भाटी ने। भोपाल में आयोजित 0755 इंडिया ओपन शूटिंग प्रतियोगिता में आध्या ने अपने अचूक निशाने और गजब की एकाग्रता का परिचय देते हुए नेशनल स्तर के लिए क्वालीफाई किया। पिछले दिनों भोपाल में आयोजित हुए निशानेबाजी के कड़े मुकाबले में कुल 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। विशेष बात यह रही कि प्रतियोगिता में शामिल अधिकांश खिलाड़ी उम्र और अनुभव में आध्या से बड़े थे। इसके बावजूद बारह वर्षीय नन्ही बेटी ने दबाव को दरकिनार करते हुए 10 मीटर पिस्टल स्पर्धा में कुल 337 अंक अर्जित किए। प्रतियोगिता में 40 फायर के लिए चार कार्ड निर्धारित थे। जिनमें आध्या का प्रदर्शन निरंतर बेहतर होता गया। बेटी ने पहले कार्ड में 85 अंक,दूसरे कार्ड में 79, तीसरे कार्ड में 85 चौथे व अंतिम कार्ड में 88 अंक अर्जित कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता के दौरान नन्ही परी के 40 शॉट्स में से लगभग एक-तिहाई शॉट सीधे 10 पॉइंट (बुल्स आई) पर लगे। बेटी के इसी प्रदर्शन ने नेशनल की राह को आसान किया। महज 10 वर्ष की आयु से अपने बड़े भाई के साथ शूटिंग का अभ्यास शुरू करने वाली आध्या आज क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। यह उनकी पहली सफलता नहीं है। इसी वर्ष देहरादून में आयोजित उत्तराखंड स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में उन्होंने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए दो रजत (सिल्वर) और एक कांस्य (ब्रॉन्ज) पदक अपने नाम किए थे।

**जमीन व प्लाट बेचना है**

वायपास से लगी हुई 1 एकड़ जमीन व नई मंडी रोड़ पर सभी साईज में प्लाट बेचना है।
नोटः-सिंचित 22 एकड़ जमीन खोट देना है।
संपर्क करे।
मो.8085401598
9982163335
11 to 10 April

आगजनी की घटना ने चिंता में डाला, एक सप्ताह के भीतर दर्जनों गांवों में खेतों में खड़ी गेहूं की फसल जलकर हो चुकी है राख

# आग के मुहाने पर अन्नदाता : संसाधनों की कमी से धुएं में उड़ रही किसानों की मेहनत, नहीं उठ रहे कारगर कदम

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** सूर्यदेव के तीखे तेवर और बढ़ती तपिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। वहीं क्षेत्र के किसानों के लिए यह मौसम काल बनकर आया है। चैत्र की चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं के बीच आगजनी की घटनाएं अब सिलसिला बन चुकी हैं। पिछले एक सप्ताह के भीतर दर्जनों गांवों में खेतों में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो चुकी है। इस भीषण आपदा के बीच सबसे बड़ा सवाल प्रशासन की तैयारियों और संसाधनों की कमी के रूप में देखने को मिल रहा है। पिछले एक हफ्ते का रिकॉर्ड देखें तो आगजनी ने किसानों की कमर तोड़ दी है। खेत में खड़ी पकी-पकाई गेहूं की फसल (मुंह के सामने रखी हुई भरी थाली) जिसे काटने की तैयारी किसान कर रहा था, वह उसकी आँखों के सामने जल गई। भीषण गर्मी में बिजली के तारों से निकली चिंगारी या अन्य कारणों से लगी आग ने अब तक सैकड़ों एकड़ का रकबा अपनी चपेट में ले लिया है। किसानों को लाखों-करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है। प्रभावित किसानों का कहना है कि हमने खून-पसीना एक करके फसल तैयार की थी, सोचा था कि कर्ज उतारेंगे और बच्चों की पढ़ाई-शादी करेंगे, लेकिन अचानक हुई आगजनी ने एक बार फिर हमें सड़कों पर ला खड़ा किया है। उल्लेखनीय की क्षेत्र में आगजनी की घटनाएं नियमित तौर पर घटित हो रही है। पिछले दो दिनों में लगभग 60 एकड़ से भी अधिक की फसल आगजनी की भेंट चढ़ चुकी है। टीकमोढ़ आंबा, बोरखेड़ा,निमोटा में आग से लाखों रुपए की फसल बर्बाद हो चुकी हैं।

#### दो दमकलें और हजारों एकड़ का रकबा

नगर परिषद के पास वर्तमान में केवल दो दमकल वाहन उपलब्ध हैं और विडंबना यह है कि इन दो वाहनों के भरोसे ही तहसील के सैकड़ों गांवों की सुरक्षा की जिम्मेदारी है। जब आग लगती है तो वह किसी सूचना का इंतजार नहीं करती।



कई बार स्थिति तब बेकाबू हो जाती है जब एक साथ दो अलग-अलग दिशाओं में जैसे एक तरफ रेहटी रोड और दूसरी तरफ इंदौर रोड के गांवों में आग की सूचना मिलती है। ऐसी स्थिति में नगर परिषद का फायर अमला लाचार नजर आता है। दमकल को शहर से 20 से 25 किलोमीटर दूर ग्रामीण अंचलों तक पहुँचने में 30 से 40 मिनट का समय लगता है। गर्मी के इस मौसम में तेज हवाओं के बीच आग इतनी तेजी से फैलती है कि जब तक दमकल मौके पर पहुँचती है। तब तक किसान की साल भर की कमाई और उसके परिवार का भविष्य धुएं में मिल चुका होता है।

#### मंडी और जनपद पंचायत में दमकल की मांग

क्षेत्र के जागरूक नागरिकों और किसान संगठनों का कहना हैं कि कृषि उपज मंडी जहाँ अरबों रुपए का अनाज का कारोबार होता है और हजारों किसान अपनी उपज लेकर पहुँचते हैं, वहाँ एक भी दमकल वाहन का न होना सबसे बड़ी विडंबना है। ठीक इसी प्रकार जनपद पंचायत का कार्यक्षेत्र ग्रामीण इलाके हैं। आवश्यकतानुसार जनपद स्तर पर भी दमकल की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि दूरदराज के क्षेत्रों में आग पर तुरंत काबू पाया जा सके। पूर्व में कई बार यह मांग उठाई गई कि सामूहिक रूप से व्यवस्थाएं होना चाहिए। लेकिन इस दिशा में कोई भी कम नहीं उठाया गया। अब केवल नगर परिषद की दमकलों के सहारे पूरे क्षेत्र की व्यवस्था है।

#### आगजनी पर काबू पाने कोई चर्चा नहीं

आश्चर्य की बात यह है कि आपदा प्रबंधन की बैठकों में बड़ी-बड़ी बातें की जाती हैं। लेकिन धरातल पर शून्य संसाधन हैं। जिला प्रशासन की और से भैरूंदा जैसे संवेदनशील और बड़े कृषि बेल्ट के लिए अतिरिक्त दमकल वाहनों की कोई विशेष व्यवस्था नहीं की गई। तहसील मुख्यालय होने के नाते यहाँ कम से कम 4 से 5 बड़ी दमकलें और कुछ छोटे वाटर ब्राउजर होने चाहिए जो संकरी गलियों या खेतों के बीच आसानी से पहुँच सकें। प्रशासन के द्वारा आपदा प्रबंधन की बैठक के दौरान दिशा निर्देश तो जारी किए जाते हैं लेकिन उनका जमीन पर अमल होता हुआ नहीं दिखाई देता। यहां तक कि आपका प्रबंधन के मामले में ग्रामीणों को आगजनी या अन्य घटना की स्थिति में प्रशिक्षण शिविर जैसे आयोजन भी नहीं होते।

#### उठती मांग, समाधान की दिशा में आगे बड़े प्रशासन

किसान संघ के गजेंद्र जाट ,शंकर पटेल, विष्णु प्रसाद डोर ने कहा कि क्षेत्र में यह मांग पुरजोर तरीके से उठ रही है कि वर्तमान भीषण गर्मी को देखते हुए शासन स्तर से तत्काल 2 अतिरिक्त दमकलें भैरूंदा भेजी जानी चाहिए। इतना ही नहीं कृषि उपज मंडी को अपने बजट से कम से कम एक फायर फाइटर की व्यवस्था तुरंत करनी चाहिए। ग्रामीण अंचलों के बड़े केंद्रों जैसे लाड़कुई,गोपालपुर, चकल्दी,छीपानेर या अन्य बड़े गांव में एक-एक दमकल खड़ी की जानी चाहिए और जिन किसानों की फसल जली है उन किसानों को प्रशासन केवल कागजी खानापूर्ति न कर तत्काल सर्वे करवाकर उन्हें उचित मुआवजा दिलाए।

## कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन नाली से गैस बनाने का प्रयास

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** एलपीजी गैस की बढ़ती कीमतों और महंगाई व गैस सिलेंडर के लिए परेशान उपभोक्ताओं के विरोध में कांग्रेस नेतृत्व ने अनोखा प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के पुराने बयान का हवाला देते हुए नाली के अंदर पाइप डालकर गैस बनाने का प्रयास किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील गोलिया ने बताया कि कांग्रेस हमेशा जमीन से जुड़ी रही है और भाजपा केवल बयान बाजी तक सीमित है। प्रधानमंत्री ने नाली से गैस बनाने का दावा किया था हम उसी के आधार पर नाली के अंदर पाइप डालकर देख रहे हैं कि आखिर गैस कैसे बन रही है। लेकिन उनका यह दावा खोखला साबित हो गया। मंगलवार को नगर के दुर्गा मंदिर चौराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का हुजुम देखने को मिला। कांग्रेस का कार्यकर्ता गैस सिलेंडर की लगातार बढ़ती कीमतों को के कारण आम लोगों को हो रही परेशानियों को लेकर सड़कों पर उतरा था। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर पूरे मध्य प्रदेश में कांग्रेस के द्वारा अलग-अलग जगह पर प्रदर्शन किया जा रहे हैं। इस प्रदर्शन को अलग और प्रभावी बनाने के लिए कार्यकर्ताओं ने एक अनोखा तरीका अपनाया। उन्होंने प्रधानमंत्री के एक पुराने बयान का हवाला देते हुए नाली से पाइप लगाकर गैस बनाने का प्रयास किया। हालांकि काफी कोशिशों के बावजूद नाली से गैस नहीं बन सकी। इसके बाद कांग्रेस नेताओं ने इसे सरकार के जमीनी हकीकत से दूर वादों का उदाहरण बताते हुए कटाक्ष किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील गोलिया ने कहा



कि आज देश का आम नागरिक महंगाई की मार से जूझ रहा है। घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि ने गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की रसोई का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार केवल घोषणाएं करने तक सीमित है। जबकि आम जनता को किसी प्रकार की राहत नहीं मिल रही है। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही एलपीजी गैस की कीमतों में कमी नहीं की गई.तो कांग्रेस पार्टी प्रदेश और जिला स्तर पर और भी बड़े आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई आम जनता के हक और अधिकारों की है। जिसे कांग्रेस हर स्तर पर उठाती रहेगी। इस प्रदर्शन में कांग्रेस नेता सुरेशचंद्र सेठी, संजीव अग्रवाल (टिन्नी भैया), माखन सिंह पवार, फूलचंद तंवर, सुनील शर्मा, दानवीर भाटी, मोर सिंह राजपूत, जगदीश राजपूत, जसवंत, संतराम पवार, नितूल पंवार और महेंद्र सिंह तंवर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### इंसानियत फाउंडेशन कर रहा जरूरतमंदों की मदद

**जागरण बुधनी।** नगर बुधनी में सामाजिक सेवा इंसानियत फाउंडेशन द्वारा रमजान माह के पावन अवसर पर जरूरतमंदों के बीच लगातार तीन दिनों से सेवा कार्य किए जा रहे हैं। संस्था द्वारा समाज के कमजोर और वंचित वर्गों तक राहत सामग्री पहुंचाकर उन्हें सहारा देने का प्रयास किया जा रहा है। फाउंडेशन द्वारा जरूरतमंद परिवारों को राशन किट वितरित किए जा रहे हैं, जिससे उनके दैनिक जीवन में राहत मिल सके। इसके साथ ही ईद के अवसर पर गरीब बच्चों, विधवा, विधुर एवं बेसहारा लोगों के लिए नए और बेहतर कपड़ों का वितरण भी किया जा रहा है।संस्था की टीम द्वारा माना क्षेत्र, मेवतीपुरा मछली बाजार के सामने, बाजार मोहल्ला सहित विभिन्न स्थानों पर घर-घर जाकर जरूरतमंद परिवारों तक कपड़े पहुंचाए गए। इसके अलावा नर्मदापुरम, शाहगंज और बीटीआई क्षेत्र में भी गरीब बच्चों के बीच कपड़ों का वितरण किया जा रहा है।

## विकास कार्यों को मिलेगी रफ्तार, परिषद ने बजट किया पारित, बढ़ेंगी सुविधाएं

**जागरण बुधनी।** नगर परिषद बुधनी की परिषद की बैठक अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें वर्ष 2026-27 का वार्षिक बजट सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। बैठक में परिषद के उपाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा जी पार्षद प्रभात भदोरीया यशवंत चौहान संतोष राजपूत श्रीकान्त शर्मा श्रीमती रजनी हरदयाल सिंह आजाद श्रीमती आरती किशन मालवीय गीता तेकाम सुश्री राखी केथवास मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष रघुवंशी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान आगामी वित्तीय वर्ष के लिए आय-व्यय का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। बजट में नगर विकास, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सड़क निर्माण एवं मरम्मत, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था तथा नागरिक सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया गया है।परिषद अध्यक्ष ने



बताया कि इस बजट का मुख्य उद्देश्य नगर को स्वच्छ, सुन्दर एवं सुव्यवस्थित बनाना है। साथ ही, विकास कार्यों को गति देने और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाओं को शामिल किया गया है।बैठक में पार्षदों द्वारा भी अपने-अपने वार्डों से संबंधित समस्याएं एवं सुझाव प्रस्तुत किए गए, जिन्हें बजट में प्राथमिकता के आधार पर शामिल करने का आश्वासन दिया गया।अंत में, सभी सदस्यों ने बजट का समर्थन करते हुए इसे नगर के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।

### आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अहम पहल, कौशल विकास को मिलेगा बल

**जागरण बुधनी।** कौशल विकास और तकनीकी उन्नयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान , बुधनी एवं संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क भोपाल के बीच कौशल विकास को प्रोत्साहन देने हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह कार्यक्रम . गौतम टेटवाल, राज्य मंत्री कौशल विकास एवं रोजगार, मध्य प्रदेश सरकार की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिन्होंने इस पहल को युवाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक निर्णायक कदम बताया।समझौते पर, बुधनी की ओर से निदेशक डॉ. बी. एम. नांदेडे तथा ग्लोबल स्किल पार्क भोपाल की ओर से मुख्य कार्यपालन अधिकारी गिरीश शर्मा ने हस्ताक्षर किए।डॉ. बी. एम. नांदेडे ने बताया कि यह साझेदारी केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों के माध्यम से युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी।यह समझौता प्राथमिक एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में कौशल विकास और क्षमता निर्माण को नई गति देने के उद्देश्य से किया गया है। इसके तहत अत्याधुनिक तकनीकों से युक्त प्रशिक्षण प्रयोगशालाओं और कार्यशालाओं का विकास एवं उन्नयन किया जाएगा। साथ ही, तकनीकी विशेषज्ञता के आदान-प्रदान के माध्यम से नवाचार, स्टार्टअप और उद्यमिता को भी बढ़ावा दिया जाएगा।इस सहयोग के अंतर्गत कृषि यंत्रीकरण, मेक्ट्रॉनिक्स एवं ऑटोमेशन, इलेक्ट्रिक वाहन एवं ई-मोबिलिटी, ऊर्जा, हाइड्रोलिक्स एवं न्यूमेटिक्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिससे युवाओं को उद्योग की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण मिल सके।यह साझेदारी न केवल कृषि यंत्रीकरण और संबद्ध क्षेत्रों में कौशल विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।



4 लाख श्रद्धालु पवित्र नर्मदा जल में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे

## अमावस्या से पूर्व घाट पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, गूंजा नर्मदे हर





**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** चैत्र नवरात्रि के पर्व और अमावस्या के विशेष संयोग पर सुप्रसिद्ध आंवली घाट पर मंगलवार को श्रद्धा और भक्ति के सागर में सराबोर हो गया। आज बुधवार को अमावस्या का त्यौहार मनाया जाएगा लेकिन उसके एक दिन पूर्व ही यहाँ श्रद्धालुओं के आने का जो सिलसिला शुरू हुआ जिसने सड़कों को जाम कर दिया। वह आज मुख्य स्नान अमावस्या के दिन यहां पर अत्यधिक भीड़ बढ़ने की संभावना है। आलम यह है कि घाट की और जाने वाली सड़कों पर वाहनों की कई किलोमीटर लंबी कतारें लग गई हैं। जिससे क्षेत्र की सड़कें पूरी तरह जाम नजर आ रही हैं। उल्लेखनीय है कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार क्वार और चैत्र मास की अमावस्या के अवसर पर नर्मदा स्नान का अनंत गुना फल मिलता है। आंवली घाट की महिमा इसलिए भी विशिष्ट है क्योंकि यहाँ पांच पांडवों से जुड़ी पौराणिक कथा प्रचलित है। कहा जाता है कि पांडवों ने अपने अज्ञातवास का एक महत्वपूर्ण समय इसी स्थान पर व्यतीत किया था। इसी पौराणिक महत्व के चलते यहाँ लगातार 5 दिनों तक स्नान का सिलसिला चलता है। अनुमान के मुताबिक इस बार 4 लाख श्रद्धालु पवित्र नर्मदा जल में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित करेगें।

#### प्रशासन के पुख्ता इंतजाम

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। अप्रिय घटनाओं को रोकने और व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। जिला प्रशासन ने नर्मदा नदी के भीतर गहरे पानी वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां मजबूत बैरिकेडिंग की है। प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं को सचेत किया जा रहा है कि वह निर्धारित सीमा के भीतर ही स्नान करें। आंवली घाट में जिले का अतिरिक्त पुलिस बल और प्रशासनिक अमला तैनात है। चप्पे-चप्पे पर पुलिसकर्मियों का पहरा है ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके और यातायात सुचारू रहे। इतना ही नहीं नदी के तट पर गोताखोरों की विशेष टीमें तैनात की गई हैं। जो स्नान केदौरान प्रत्येक श्रद्धालु पर पैनी निगाह बनाए हुए हैं। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए लाइफ जैकेट और अन्य बचाव उपकरण भी मौजूद हैं।

#### अन्य घाटों पर भी रही भारी चहल-पहल

मंगलवार को सिर्फ आंवली घाट ही नहीं, बल्कि क्षेत्र के अन्य प्रमुख नर्मदा तट जैसे नीलकंठ, छीपानेर और सातदेव में भी श्रद्धालुओं का भारी मजमा लगा रहा। इन सभी घाटों पर भी प्रशासनिक अधिकारियों ने मोर्चा संभाल रखा है। सुबह की पहली किरण के साथ ही शुरू हुआ स्नान का दौर पूरी रात तक निर्बाध रूप से चलता रहा। भीषण गर्मी और भारी भीड़ के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नजर नहीं आई। दूर-दराज के जिलों से आए श्रद्धालु अपने परिवार के साथ माँ नर्मदा की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं।

#### नगर की सड़कों पर नजर आया ट्रैफिक

नगर की सड़कों पर मंगलवार को ट्रैफिक का दबाव देखा गया। मालवा अंचल से सर्वाधिक तादाद में श्रद्धालु नर्मदा स्थान करने के लिए नर्मदा तट आवली घाट सहित अन्य घाटों पर पहुंचे। जिसके चलते सुबह से ही वाहनों की लंबी कतारे नगर की सड़कों पर देखी गई। अत्यधिक वाहनों का दबाव होने के चलते नगर की लंबी चौड़ी सड़क भी छोटी नजर आई। इस दौरान कई बार जाम के हालात भी देखने को मिले।

### मुख्यमंत्री के हाथों पूजा शर्मा को मिला स्टेट गोल्ड मेडल



**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती और जब इरादे फौलादी हों तो सफलता कदम चूमती है। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है भैरुंदा क्षेत्र के ग्राम मंडी निवासी पूजा शर्मा ने। पूजा ने विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन की स्नातक परीक्षा 2025 में ज्योतिर्विज्ञान विषय में पूरे मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। मंगलवार 17 मार्च को उज्जैन में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के आयोजित 30 वे दीक्षांत समारोह में मध्य प्रदेश के महामहिम राज्यपाल मंगू भाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूजा शर्मा को राज्य स्तरीय गोल्ड मेडल से नवाजा। इस गौरवशाली पल के दौरान पूजा के पिता कमलेश शर्मा,चाचा नरेन्द्र शर्मा, गौरव शर्मा भी मौजूद रहे। पूजा की इस स्वर्णिम सफलता ने जिले के नाम एक और बड़ी उपलब्धि जोड़ दी है। बेटी की उपलब्धि पर ग्राम मंडी के ग्रामीणों ने कहा कि पूजा ने यह साबित कर दिया कि ग्रामीण अंचल की प्रतिभाएं भी अगर सही दिशा में मेहनत करें तो वे प्रदेश के सर्वोच्च शिखर तक पहुँच सकती हैं।

### शासकीय भूमि पर ढाबे, हाईवे के मध्य स्थित भूमि पर बांधते हैं मवेशी और रखते हैं गोबर के कंडे

# देवास-भोपाल राजमार्ग : आष्टा से जावर के बीच राजमार्ग पर अनेक स्थानों पर हुआ अतिक्रमण

खास दैनिक जागरण खबर

**जागरण, आष्टा।** आष्टा से जावर जोड़ के मध्य 20 किलोमीटर की दूरी में अनेक अतिक्रमण शासकीय भूमि पर देखे जा सकते हैं। सर्वाधिक अतिक्रमण का स्वरूप ढाबे के रूप में देखा जा सकता हैं। सुनसान क्षेत्र में ढाबे और वहा पर इक्कादुक्का लोगो की उपस्थिति जहां सुरक्षा को लेकर बड़ा प्रश्न हैं, वही शासकीय भूमि पर जिस प्रकार ढाबे के नाम पर अतिक्रमण किया गया हैं, वह भी आश्चर्यजनक हैं। इसी प्रकार डोडी की गोशाला के निकट भी अब अतिक्रमण बड़ता जा रहा हैं। जो निर्माण कच्चे थे, वे बीमकालम में बदल चुके हैं। कुलमिलाकर यह क्षेत्र अतिक्रमण की गिरफ्त में हैं।

हायवे पर अतिक्रमण अपने आप में इसलिए आश्चर्यजनक हैं कि इस मार्ग से पुलिस, प्रशासन के नुमाईंदे गतिवान होते रहते हैं। ऐसे में उनकी नजर इन निर्माणों पर नही पड़े, यह हो नही सकता और बिना कृपा के राजमार्ग पर अतिक्रमण हो जाए यह भी नही हो सकता। अब हुआ क्या हैं और कैसे अतिक्रमण हुआ हैं, यह तो जांच का विषय हैं, लेकिन जिस प्रकार वृक्षों को काट कर भूमि को मुरम से समतल किया गया हैं, यह दोनो ही मामले भी जांच की परिधि में आते हैं। वृक्षों को काटने की कोई अनुमति ली नही और जो मुरम डाली गई, उसकी रसीद नहीं। पगारियाराम से लगाकर डोडी के मध्य ही अनेक स्थानों पर ढाबे दिखाई देने लगे हैं। यह ढाबे किसकी अनुमति से खोले गए, यह ज्ञात नही हैं। ढाबो पर जिस प्रकार शाम होते ही विद्युत का प्रकाश दिखाई देता हैं, उससे यह तो ज्ञात होता हैं कि विद्युत कंपनी ने कनेक्षन दिया होगा। लेकिन शासकीय भूमि पर हुए निर्माण पर विद्युत कनेक्षन देना कितना कानूनी हैं, यह तो विद्युत अधिकारी ही बता सकते हैं, वैसे शहर में अनेक लोग विद्युत कनेक्षन के लिए कंपनी कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। पर उन्हे उनके आवास पर कनेक्षन नही मिल रहा हैं। इधर हायवे के मध्य बने डिवाईडर पर कही गोबर के कंड़े तो कही मवेशी बंधे हुए हैं। पर मजाल हैं आष्टा और जावर के प्रशासनिक अधिकारी कुछ कह दे। उन्ही की निष्क्रियता का परिणाम अतिक्रमण के रूप में सामने हैं। आष्टा बायपास की चौपाटी भी इसी बीमारी से ग्रस्त हैं। शासकीय भूमियों पर निजी कालोनी का रास्ता बनाने से लेकर शासकीय भूमि को अपनी बताने तक के अनेक मामले राजस्व अधिकारियों के यहा लालफीताशाही का शिकार हो रहे हैं। ऐसे में जनविश्वास का डगमगाना स्वभाविक हैं। और यही कारण हैं कि ज्ञापन, आवेदन और आंदौलन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई हैं। संवादहीनता की स्थिति के चलते यह संकट और बड़ गया हैं।

आम आदमी की इतनी पहुंच भी नहीं, कि वह प्रदेश के बड़े नेता तक अपने अपमान की बात पहुचाए और फिर उनके लिए फोन किया जाए और फिर वह सब हो जिसकी आम आदमी कल्पना नहीं कर सकता। पर बीते कुछ महिनों पूर्व यह सब हो चुका हैं। लेकिन जनसंवाद और जनविश्वास दोनो की प्रक्रिया अभी भी सुचारू नही हैं। शहर का हर प्रमुख मार्ग अतिक्रमण की गिरफ्त में हैं, इसकों

### 19 मार्च से चैत्र नवरात्रि होगी प्रारंभ

# चैत्र नवरात्रि: नौ दिन देवी के नौ स्वरूपों की होगी पूजन

**जागरण, आष्टा।** हिंदू कैलेंडर के अनुसारए हर साल चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत होती है। इस साल यह पावन पर्व 19 मार्च गुरुवार से शुरू होने जा रहा हैं। इसी दिन घर-घर में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा के लिए कलश स्थापना की जाएगी। नगरपुरोहित पं मनीष पाठक ने बताया कि धार्मिक दृष्टि से इस बार की नवरात्रि बेहद खास हैं, क्योंकि पहले ही दिन कई शुभ योग बन रहे हैं। मान्यता है कि चैत्र नवरात्रि के नौवें दिन यानी महानवमी को ही प्रभु श्री राम का जन्म हुआ था, जिसे हम राम नवमी के रूप में बड़े उत्साह से मनाते हैं। साल में आने वाली चार नवरात्रियों (शारदीय) चैत्र और दो गुप्त नवरात्रि में चैत्र नवरात्रि का अपना एक अलग आध्यात्मिक महत्व होता है।

#### बन रहे हैं शुभ योग

ज्योतिषाचार्य डॉ. दीपेश पाठक ने बताया की नवरात्रि के पहले दिन शुक्ल योग और ब्रह्म योग का संयोग बन रहा है। शुक्ल योग दोपहर बाद तक रहेगा, जिसके बाद ब्रह्म योग शुरू हो जाएगा। इसके अलावाए अगले दिन की सुबह यानी 20 मार्च को सर्वार्थ सिद्धि योग भी लगेगा, जो किसी भी शुभ काम की शुरुआत के लिए अच्छा माना जाता हैं।

#### राहु काल का रखें ध्यान

पूजा-पाठ और किसी भी शुभ काम के लिए राहु काल को अच्छा नहीं माना जाता। 19 मार्च को दोपहर 2 से लेकर 3:30 बजे तक राहु काल रहेगा। कोशिश करें कि अपनी पूजा या कलश स्थापना इस समय के बीच में न करें।

#### घट स्थापना के शुभ मुहूर्त

प्रतिपदा तिथि शुरू 19 मार्च 2026 सुबह 6:52 बजे से तथा प्रतिपदा तिथि समाप्त 20 मार्च 2026 सुबह 4:52 बजे तक।

#### 19 मार्च को इस वर्ष घट स्थापना (कलश स्थापना) के लिए शुभ मुहूर्त

शुभ सुबह 06:56 से 07:57 बजे तक, चर-लाभ सुबह 10:58 से 01: 59 तक, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:05 से 12:53 बजे तक। इन मुहूर्तों में कलश स्थापना करना अत्यंत शुभ माना जाता है।

#### नौ दिन के नौ भोग

पहला दिन मां शैलपुत्री को गाय का घी, दूसरा दिन मां ब्रह्मचारिणी को शक्कर और पंचामृत, तीसरा दिन मां चंद्रघंटा को दूध या दूध से बनी मिठाई, चौथा दिन मां कुष्मांडा को मालपुआ, पांचवें दिन मां स्कंदमाता को केला, छठा दिन मां कात्यायनी को शहद, सातवें दिन मां कालरात्रि को गुड़, आठवें दिन मां महागौरी को नारियल एवं नौवें दिन मां सिद्धिदात्री को हलवा-पूरी और चने का भोग लगेंगा।

#### पूजा विधि

सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और साफ कपड़े पहनें। एक वेदी पर लाल कपड़ा बिछाकर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करें। एक मिट्टी के पात्र में जौ बोएं और कलश में जल, सिक्का, सुपारी एवं अक्षत डालकर उस पर नारियल रखें। अगर संभव हो, तो नौ दिनों के लिए अखंड दीपक जलाएं, वरना सुबह-शाम आरती और पूजा जरूर करें। ऊँ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे मंत्र का जाप करें। दुर्गा सप्तशती का पाठ करें एवं आरती से पूजा का समापन करें।

#### चैत्र नवरात्र का महत्व

चैत्र नवरात्र का हिंदू धर्म में महत्व है। धार्मिक दृष्टि से, यह समय आत्म-शुद्धि, शक्ति की पूजा। अंतिम दिन राम नवमी मनाई जाती हैं, जो मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्म का प्रतीक हैं।

## कृषि मंडी की आवक में हुई वृद्धि

**जागरण, आष्टा।** कृषि उपज मंडी में इस वित्तीय वर्ष गत वर्ष की तुलना में आवक में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यदि आंकड़ों का एनालिसिस करें तो सोयाबीन भावांतर अवधि में काफी अधिक मात्रा में आई है। जारी प्रेस नोट के अनुसार कृषि उपज मंडी आष्टा में सोयाबीन में जनवरी और फरवरी में क्रमशः 26 प्रतिशत और फरवरी में 29 प्रतिशत की कमी देखी गई है। इस प्रकार कुल अप्रैल से फरवरी माह में सोयाबीन में दो प्रतिशत की कमी परिलक्षित हुई है। इसी प्रकार यदि मसूर के आंकड़ों को देखें तो अप्रैल से फरवरी तक 51 प्रतिशत की कमी ज्ञात हुई है। किंतु समग्र रूप से गत वर्ष की तुलना में आष्टा मंडी में 14 प्रतिशत आवक में वृद्धि दर्ज हो गई है जो 2024-25 में 3.33 लाख टन आवक हुई थी, वह इस वित्तीय वर्ष में 3.79 लाख टन दर्ज हुई है। समा ही सोयाबीन के भाव में अधिक वृद्धि होने के कारण अप्रैल से फरवरी 2026 में कोई 7 प्रतिशत मंडी शुल्क में इजाफा हुआ हैं, लेकिन नये सचिव के कार्यकाल में पदस्थी के बाद यदि अप्रैल से जुलाई 4 माह को छोड़ दिया जाए तो अगस्त से फरवरी 2026 की तुलना में आवक में 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और इसी प्रकार मंडी शुल्क में गत वर्ष की तुलना में अगस्त से फरवरी माह में 37 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई हैं।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अभिभावकों की उपस्थिति में मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान



**जागरण, आष्टा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन गंज चौराहा स्थित शाला परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं द्वीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात टैक्स अधिवक्ता निर्मल रांका, राजीव गुप्ता, पूर्व शिक्षक नारायणसिंह ठाकुर, पूर्व शिक्षिका श्रीमती सीमा सोनी विशेष रूप से उपस्थित थें। प्राचार्य ब्रजमोहन गुर्जर ने कहा कि यह सफ्लता उनके परिश्रम, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल हैं। अभिभावकों के सहयोग को भी महत्वपूर्ण बताते।

जारी प्रेस नोट के अनुसार समारोह में वार्षिक परीक्षा में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने, समय का सदुपयोग करने एवं अनुशासन में रहकर अध्ययन करने की प्रेरणा दी तथा सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, बल्कि दृढ़ संकल्प और नियमित अध्ययन ही सफलता की कुंजी हैं। विद्यालय की संस्कारयुक्त शिक्षा पद्धति की सराहना करते हुए कहा कि यहां विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों, राष्ट्रभक्ति एवं अनुशासन का समग्र प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होता है। संचालन श्रीमती चंद्रकला खत्री ने तथा आभार भोजराज परमार ने व्यक्त किया। इस दौरान विद्यार्थीगण मौजूद थें।

## विधायक गोपालसिंह ने दी श्रद्धांजलि



**जागरण, आष्टा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की पुत्री सुश्री सुरभि खंडेलवाल के निधन पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने बैतूल खंडेलवाल निवास पर पहुच कर सुश्री सुरभि खंडेलवाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी प्रकार भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा की माता श्रीमती पारस कुंवर पटवा के निधन पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने स्व. श्रीमती पारस कुंवर बाई पटवा के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। विधायक ने शोकाकुल विधायक सुरेन्द्र पटवा एवं परिजनों से भेंट कर शौक संवेदना व्यक्त की।

## ग्राम खड़ीहाट में प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान का हुआ आयोजन

**जागरण, आष्टा।** जन अभियान परिषद विकासखंड आष्टा के सेक्टर क्रमांक 3 मैना की प्रस्फुटन समितियो की क्षमता वृद्धि हेतु प्रशिक्षण नवांकुर संस्था भमुरा सामाजिक ग्राम विकास समिति द्वारा ग्रामपंचायत खड़ीहाट में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक भगवतशरण लोधी, सरपंच मनोहर पटेल, एमेंटर्स मुकेश राठौर, नवांकुर संस्था प्रभारी महेश चंदेल, उपस्थित थें। श्री लोधी ने परिषद की अवधारणा उद्देश्य गठन संबंधित जानकारी प्रशिक्षण में उपस्थित प्रस्फुटन के सदस्यों एवं नवांकुर सखी एवं एमएसडब्ल्यू, बीएसडब्ल्यू के छात्र छात्राओं को दी गई। मेंटर्स मुकेश राठौर ने प्रस्फुटन समितियों के दस्तावेजी करण अपने गांव में किए जाने वाले कार्यों पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, सबके लिए शिक्षा, सबके लिए स्वास्थ्य, जैविक कृषि, नशामुक्ति, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता, समरसता आदि विषयों से अवगत कराया।

## कॉलेज में स्ट्रेस रिलीफ गेम का हुआ आयोजन

**जागरण, आष्टा।** शहीद भगतसिंह महाविद्यालय में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और तनाव मुक्ति को ध्यान में रखते हुए स्ट्रेस रिलीफ गेम का आयोजन किया। शुभारंभ प्राचार्य धर्मेंद्र सूर्यवंशी ने किया। संयोजक सुश्री शीला मेवाड़ा रहीं, जबकि खेल गतिविधियों का संचालन डॉ. ललिता राय ने किया और विद्यार्थियों को विभिन्न रोचक गेम खिलाए।

## दुर्गा गार्डन के पास जुए की मेहफिल से 7 गिरफ्तार

**जागरण शाजापुर।** शहर में अवैध गतिविधियों पर लगाम कसने की दिशा में लालघाटी पुलिस ने एक अहम कार्रवाई को अंजाम दिया है। बीती रात पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी करते हुए दुर्गा गार्डन के पास जुआ खेलते सात लोगों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 12,800 रुपये की नकदी और 52 ताश के पत्ते जब्त किए हैं। पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लालघाटी थाना पुलिस को 16 मार्च की रात एक मुखबिर से सटीक सूचना मिली थी कि दुर्गा गार्डन के समीप स्ट्रीट लाइट के उजाले में कुछ लोग ताश के पत्तों पर पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई की और मौके के लिए रवाना हुई। पुलिस बल जैसे ही दुर्गा गार्डन के पास पहुंचा, वहां सात लोग जुआ खेलते हुए नजर आए। पुलिस को अचानक सामने देखकर जुआरियों में हड़कंप मच गया और उन्होंने वहां से भागने का प्रयास किया। हालांकि, पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए पहले ही घेराबंदी कर ली थी, जिससे सातों आरोपियों को मौके पर ही दबोच लिया गया।

### कार्रवाई में ये आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

तलाशी के दौरान जुआ फड़ से कुल 12,800 रुपये नकद और एक ताश की गड्डी बरामद हुई। पुलिस ने जुआ खेलते हुए पंकज पिता बंशीलाल यादव काछीवाड़ा, दीपक पिता प्यारेलाल गवली लक्ष्मी नगर, संतोष सिंह पिता सीताराम कुशवाह निवासी भट्ट मोहल्ला, समीर खां पिता जाकिर खां निवासी लालपुरा, सद्दाम पठान पिता सलीम पठान मगरिया, अमृतलाल शर्मा पिता भंवरलाल शर्मा काशीनगर, राधेश्याम कुशवाह पिता मदनलाल कुशवाह काछीवाड़ा को पकड़ा। पुलिस ने मौके पर ही पंचों की मौजूदगी में जब्ती पंचनामा तैयार किया और नकदी व ताश के पत्तों को विधिवत जब्त कर लिया।



# सुसनेर सिविल अस्पताल में अव्यवस्थाओं का खुलासा एसडीएम बरवड़े का अचानक निरीक्षण, फटकार लगाई



**मरीजो से किया संवाद, सफाई व्यवस्था, कर्मचारियों की कार्यप्रणाली व निर्माण की गुणवत्ता पर जताई नाराजगी**

**जागरण सुसनेर।** नगर के पुराना बस स्टैंड स्थित शासकीय सिविल अस्पताल सुसनेर में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया जब सुसनेर एसडीएम किरण बरवड़े अचानक निरीक्षण के लिए अस्पताल पहुंच गई। दोपहर करीब डेढ़ बजे किए गए इस आकस्मिक निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं की हकीकत सामने आ गईए जहां कई जगह अव्यवस्थाएं देखने को मिलीं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का जायजा लिया। मरीजो से सीधा संवाद कियाए सफाई व्यवस्था देखी, कर्मचारियों की कार्यप्रणाली व निर्माण की गुणवत्ता में लापरवाही पर कडी नाराजगी जताई।

**बिल्डिंग निर्माण की गुणवत्ता में लापरवाही**- निरीक्षण के दौरान प्रसूति वार्ड व दवा वितरण में पानी लीकेज की समस्या सामने आई। नलों की टोटियां खराब व शौचालय में टूट फुट नजर आई। सिविल अस्पताल की नई बिल्डिंग निर्माण की गुणवत्ता में लापरवाही व खामिया देखने में आई। सीबीएमओ ने बताया की मेरे अटैचमेंट अवधि में मेरी गैर मौजूदगी में बिल्डिंग को हैंडओवर किया गया है। बिल्डिंग बनाने वाली एजेंसी पुलिस हाउसिंग बोर्ड को पत्र भेजकर कमियो की जानकारी दी गई है। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल मरम्मत कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

### सफाई व्यवस्था पर जताई नाराजगी

वार्डो में सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई। कई जगहों पर मरीजों के पलंग पर बेडशीट तक उपलब्ध नहीं थीए जिससे मरीजों को काफी असुविधा हो रही थी। इन व्यवस्थाओं को देखकर एसडीएम ने संबंधित कर्मचारियों और अधिकारियों पर नाराजगी जताई और तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

**मरीजो से सीधा संवाद कर देखी स्थिति**- एसडीएम ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से भी सीधे संवाद किया और उनसे अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। मरीजों में वितरण होने वाले भोजन की जानकारी ली। भोजन बनाने वालो से चर्चा में वेतन नही मिलने की बात भी सामने आई। मरीजों ने उपचार और अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर अपनी समस्याएं बताई। मरीजों की शिकायतें सुनने के बाद एसडीएम ने अस्पताल प्रबंधन को व्यवस्थाओं में जल्द सुधार करने के निर्देश दिए।

**कर्मचारियों की गैरमौजूदगी पर नाराजगी**- एसडीएम के निरीक्षण में कर्मचारियों की गैरमौजूदगी व योग्यता के अनुरूप कार्य व्यवस्था नही होने की शिकायत भी सामने आई। चीफ बीएमओ डॉण् राजीव बरसेना द्वारा लापरवाही बरतने के मामले में तीन कर्मचारियों को पूर्व में ही कारण बताओ नोटिस जारी कर दिए गए थे। साथ ही भविष्य में ऐसी लापरवाही दोबारा नहीं होए इसके लिए कर्मचारियों को सख्त हिदायत भी दी गई। **प्रसूति वार्ड में स्वास्थ्यकर्मियों की लापरवाही**- निरीक्षण में प्रसूति वार्ड में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा गर्भवती महिलाओं के उपचार में लापरवाहीए डॉक्टर के निर्देश का पालनए आवश्यक क्षेत्र में कैमरो का अभाव जैसी बातें सामने आई जिस पर एसडीएम स्वास्थ्यकर्मियों को फटकार लागते हुए मरीजों का प्राथमिकता से उपचार करने की हिदायत व कैमरे लगाने के निर्देश दिए।

## समाजजनों ने किया कलमकारों का सम्मान



**जागरण बेरछा।** नगर में गत दिनों श्री संभवनाथ नाकोडा शत्रंजय धाम के पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न हुआ। नगर के कलमकारों का उनकी सक्रिय पत्रकारिता के लिए स्थानीय श्री अपूर्वमंगल जैन श्वेतांबर ट्रस्ट एवं सकल श्री संघ ने नगर के कलमकार प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज यादव, संरक्षक प्रवीण शर्मा, आनंद आर्य सहित वरिष्ठों और जनप्रतिनिधि का बहुमान किया गया। वहीं जैनाचार्य व्रजरत्नसागर जी मसा से पत्रकारों ने भेंट कर संतो का आशीर्वाद लिया। अपने आशीर्वाद में मसा ने समाज मे सही दिशा के लिए पत्रकारिता के योगदान की सराहना की। इस दौरान समाज के सुरेश चंद्र जैन, महेश जैन, राजेंद्र जैन, संजय जैन, नितेश जैन, रवि जैन आदि वरिष्ठजन मौजूद थे।

## मां प्रभावेश्वरी मंदिर में चोरी का पर्दाफाश, गुना का आरोपी गिरफ्तार



**दान पेटी से चुराए गए 21,600 रुपये नकद बरामद, पुलिस की विशेष टीम ने की त्वरित कार्रवाई**

जागरण शाजापुर। मां प्रभावेश्वरी देवी मंदिर बेरछा में हाल ही में हुई चोरी की घटना का बेरछा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में गुना जिले के एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की गई नकदी बरामद कर ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 13 मार्च 2026 को फरियादी महावीर जैन ने थाना बेरछा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अलसुबह करीब 4.15 से 4.40 बजे के बीच किसी अज्ञात बदमाश ने मां प्रभावेश्वरी मंदिर की दान पेटी का ताला तोड़ दिया है। बदमाश पेटी में रखे करीब 25,000 से 30,000 रुपये नकद चुराकर ले गया। शिकायत के आधार पर बेरछा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। धार्मिक स्थल पर हुई इस चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए शाजापुर पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस डॉ. नागेन्द्र प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में बेरछा थाना प्रभारी भरतसिंह किरार ने एक विशेष टीम का गठन किया। गठित टीम ने लगातार पतारसी और सुरागों के आधार पर आरोपी परमाल सिंह 41 वर्ष पिता बुंदेल सिंह यादव को धर दबोचा। आरोपी मूल रूप से ग्राम गेलोन, थाना आरोन, जिला गुना (म.प्र.) का निवासी है। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ के बाद आरोपी के कब्जे से मंदिर की दान पेटी से चुराए गए कुल 21,600 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। चोरी का जल्द पर्दाफाश करने में बेरछा थाना प्रभारी भरतसिंह किरार, उप निरीक्षक मेहरबान सिंह चौहान, सहायक उप निरीक्षक रघुनाथ सिंह राठौड़, केदार पटेल, प्रधान आरक्षक हरीश सक्सेना, विनोद शर्मा, रामबरन सेंगर, पिंकू यादव, आरक्षक अरुण सितपरा, रूपसिंह यादव और सैनिक राजाराम मालवीय का सराहनीय योगदान रहा।

## चैत्र नवरात्रि को लेकर मां राज-राजेश्वरी मंदिर परिसर में मेले की तैयारियां पूरी



### रोमांच के लिए सजकर तैयार हुए विशाल झूले

**जागरण शाजापुर।** जिले की आस्था के प्रमुख केंद्र मां राज-राजेश्वरी माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि की रौनक अभी से छाने लगी है। 19 मार्च से शुरू होने वाले 15 दिवसीय भव्य मेले का इंतजार अब खत्म होने को है। मेले को लेकर प्रशासन और समिति की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं, और शहरवासियों और बच्चों के मनोरंजन के लिए मैदान में लगाए गए सभी छोटे-बड़े झूले अब पूरी तरह से लगकर तैयार हो चुके हैं। मंदिर परिसर के पास का खाली मैदान अब पूरी तरह से एक जीवंत मेले का रूप ले चुका है। बाहरी राज्यों और अन्य जिलों से आए झूला संचालकों ने दिन-रात मेहनत कर अपना सेटअप पूरा कर लिया है। अब बच्चों के पसंदीदा मिकी माउस से लेकर बड़ों को रोमांचित करने वाले जाइंट व्हील और नाव वाले झूले पूरी तरह स्थापित (इंस्टॉल) हो चुके हैं और 19 मार्च से लोगों को घुमाने के लिए एकदम तैयार हैं।

**सुरक्षा और सुविधाओं पर विशेष फोकस**-15 दिनों तक चलने वाले इस मेले में जिले भर से हजारों श्रद्धालु माता के दर्शनों के लिए पहुंचते हैं। भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर और मेला क्षेत्र में पुलिस बल की सख्त तैनाती रहेगी। इस मेले के आयोजन से जहां एक ओर स्थानीय व्यापार और दुकानदारों को सीधा फायदा मिलेगा, वहीं दूसरी ओर यह शहर के परिवारों और बच्चों के लिए मनोरंजन का सबसे बड़ा केंद्र बनेगा।

**घट स्थापना के साथ शुरू होगा मेला**-19 मार्च की सुबह मंदिर में विधि विधान के साथ घट स्थापना की जाएगी और इसीके साथ पंद्रह दिवसीय मेले की भी शुरूआत हो जाएगी। मेले को लेकर लगभग पूरी तैयारियां हो चुकी हैं।

## आरोपी को 20 साल की कठोर कैद

**जागरण शाजापुर।** जिले के विशेष न्यायालय (पॉक्सो एक्ट) ने एक मानसिक रूप से कमजोर नाबालिग लड़की के साथ ज्यादती करने के मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही आरोपी पर विभिन्न धाराओं में आर्थिक जुर्माना भी लगाया गया है। जिला मीडिया सेल प्रभारी और सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी प्रतीक श्रीवास्तव ने बताया कि घटना पिछले साल 20 अप्रैल 2025 की है। फरियादी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी मानसिक रूप से कमजोर नाबालिग बेटी सुबह करीब 11 बजे घर से कचरा फेंकने गई थी।

## न्यूज कार्नर

### एनीमिया मुक्त भारत अभियान के संबंध में कार्यशाला आज

**देवास।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा एचपीवी वैक्सीनेशन एवं एनीमिया मुक्त भारत अभियान अंतर्गत मीडिया प्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं प्रबुद्धजनों की संयुक्त कार्यशाला का आयोजन कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में 18 मार्च को होटल रामाश्रय में प्रातः 11 बजे से किया जा रहा है। कार्यशाला में एचपीवी वैक्सीनेशन एवं एनीमिया मुक्त भारत अभियान के विषय में विस्तृत जानकारी तथा मीडिया संवेदीकरण किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुनील तिवारी ने मीडिया प्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं प्रबुद्धजनों से उक्त कार्यशाला में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### वर्मा को श्रद्धांजलि दी



**पीपलरावां/भौंरासा।** पूर्व विधायक सज्जनसिंह वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती सुभद्रा वर्मा के अंतिम संस्कार में पीपलरावां के कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। जहां श्रीमती वर्मा के निधन पर शाहिद मंसूरी, जितेंद्र सिंह राणा, नौशाद सेठ, महिपाल सिंह धाकड़, सुरेंद्र सिंह सेंधव, वीरेंद्र सिंह सेंधव, हेमंत शर्मा, भारतसिंह सिसौदिया, धर्मेंद्र शिंदे, बाबूलाल बड़कनिया, संजय त्रिवेदी, साकिर खां पठान, शिशुपाल सिंह धाकड़, पत्रकार अंबाराम शिंदे ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी तरह भौंरासा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र यादव, जीवन सिंह ठाकुर, पार्षद भादरसिंह भाटिया, अबरार गांधी, अफजल मंसूरी, दिनेश यादव, शुभम नागर, कांतिलाल यादव, मनोज शुक्ला, अभय नागर ने भी श्रीमती वर्मा को श्रद्धांजलि दी।

### खाटू श्याम मंदिर में विधायक ने की आरती

**देवास।** अमृत नगर स्थित खाटू श्याम मंदिर में द्वादशी के अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक गायत्री राजे पवार एवं विक्रमसिंह पवार ने सपरिवार बाबा खाटू श्याम के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और प्रदेश व क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में विधायक पवार ने शीश के दानी बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार करवाया तथा श्रद्धा भाव से 56 भोग अर्पित किया। वहीं विक्रमसिंह पवार ने राज परिवार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर खाटू नरेश की आराधना की। इस दौरान पवित्र ज्योत प्रज्ज्वलित की गई तथा बाबा श्याम की महाआरती उतारी गई। उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से आरती में भाग लेकर सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की।

### गर्मी से बचने के लिए बच्चों को जूते भेंट



**सोनकच्छ।** रविवार को रोटरी क्लब द्वारा क्षेत्र के राजेंद्र नगर पिपलिया बक्सू स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में गर्मी को ध्यान में रखते हुए को मुख्य अतिथि साहित्य सागर परिवार के अमलराज जैन द्वारा 42 जरूरतमंद बच्चों को जूते तथा उनके परिवारों को कंबल वितरित किए। इस अवसर पर पूर्व रोटरी गवर्नर सत्यनारायण लाठी, क्लब अध्यक्ष दिनेश राठौर, सहायक मंडलाध्यक्ष दिनेश कारपेंटर, क्लब सचिव महेशचंद्र राठौर, पूर्व अध्यक्ष हुकमचंद्र अग्रवाल, सौभागसिंह ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### अखंड ज्योति और घट स्थापना 19 से

**जागरण, इटारसी।** श्रीश्री बूढ़ी माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से 27 मार्च 2026 के उपलक्ष्य में भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर समिति द्वारा जारी जानकारी के अनुसार श्रद्धालु मंदिर कार्यालय या पुजारी जी से संपर्क कर संकल्प ले सकते हैं। इस हेतु भेंट राशि 1500 रुपये निर्धारित की गई है। विशेष बात यह है कि संकल्प एकम के दिन ही पूर्ण किया जाएगा।

# अवैध पटाखा फैक्ट्री संचालक पर एनएसए के तहत कार्रवाई

## आरोपी को तीन माह के लिए उज्जैन की केंद्रीय जेल भेरूगढ़ भेजा



**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने उदयनगर क्षेत्र में अवैध पटाखा फैक्ट्री चलाने वाले आरोपी संजय पिता विनोद शर्मा के खिलाफ मंगलवार को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। आरोपी को तीन माह के लिए उज्जैन की केंद्रीय जेल भेरूगढ़ में निरुद्ध किया जाएगा। कलेक्टर सिंह ने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 की धारा 3 की उपधारा (2) के तहत यह निरुद्ध आदेश जारी किया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए प्रतिवेदन के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इंदौर निवासी संजय शर्मा थाना उदयनगर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध पटाखा फैक्ट्री का संचालन कर रहा था। मजदूरों से बनवा रहा था विस्फोटक सामग्री आरोपी संजय ग्राम पोलाखाल, थाना उदयनगर के आसपास के ग्रामीण, मजदूर और आदिवासी वर्ग के लोगों को प्रतिदिन 400 से 500 रुपए का लालच देकर विस्फोटक सामग्री तैयार करवा रहा था। यह कार्य बिना किसी सुरक्षा या प्रशिक्षण के करवाया जा रहा था। टपरीनुमा फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूरों ने भी अपने बयानों में इस बात की पुष्टि की है। आरोपी मूल रूप से इंदौर का निवासी है। वह अपनी इस अवैध गतिविधि को इंदौर और शहरी क्षेत्र से दूर इसलिए संचालित कर रहा था, ताकि विस्फोटक सामग्री और उनके निर्माण स्थल के निरीक्षण के लिए शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से बच सके। उसने दूरस्थ ग्रामीण अंचल में इस खतरनाक व्यवसाय को चला रखा था।



# बिना नंबर की थार ने बाइक को मारी टक्कर, व्यापारी की मौत

**सोनकच्छ।** मंगलवार सुबह नगर के किराना एवं फूटकर गल्ला व्यापारी ओमप्रकाश नागौरी (64) की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। हमेशा की तरह दुपहिया वाहन पर सवार होकर व्यापार के सिलसिले में गांव जा रहे नागौरी को हाईवे पर फावड़ा गोदाम के सामने एक बिना नंबर की तेज रफ्तार थार जीप ने पीछे से टक्कर मार दी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि नागौरी उछलकर करीब 50 फीट दूर जा गिरे थे। हादसे के बाद अनियंत्रित थार जीप सड़क किनारे बनी खाई में एक पेड़ से टकराकर रुकी। जीप सवार तीन लोग मामूली रूप से घायल हुए, जिन्हें एक निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। 108 एंबुलेंस से नागौरी को सिविल अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर माहेश्वरी समाज व व्यापारी वर्ग में शोक की लहर छा गई थी। अस्पताल पहुंचे सत्यनारायण लाठी, महेश पाटीदार, सूरजसिंह ठाकुर, जगदीश गुप्ता, अभिषेक शर्मा, सुनील दरक, कालू दरक, त्रिलोक चौहान, प्रमोद छापरवाल ने नागोरी के परिजनों को ढांढस बंधाया व पोस्टमार्टम की कार्यवाही में सहयोग किया। दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन के संबंध में अधिकारिक जानकारी नहीं मिली, पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। नागौरी अपनी मिलनसार और हंसमुख प्रवृत्ति के लिए नगर भर में जाने जाते थे। दोपहर 3 बजे उनकी अंतिम यात्रा निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए।

## भाजपा द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण का शुभारंभ



**हाटपीपल्या।** भाजपा नगर मंडल व ग्रामीण मंडल हाटपीपल्या में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग संगठन को मजबूत बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यप्रणाली और जनसेवा के मूल मंत्रों को समझने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है और उसके समर्पण से ही पार्टी निरंतर आगे बढ़ रही है। वहीं हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करता है। कार्यक्रम को जिला प्रभारी धनंजय शर्मा, जिला महामंत्री मनीष सोलंकी ने भी संबोधित किया। मंच पर अतिथि के रूप में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सेंधव एवं ग्रामीण अध्यक्ष संतोष पाटीदार भी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन संदीप गुर्जर ने किया एवं आभार संतोष गोठी ने माना। प्रशिक्षण वर्ग में विभिन्न विषयों पर महेश पाटीदार, नारायण व्यास, मोनिका शर्मा, विरेंद्र सिंह राजावत, ओम जोशी, तनय चौधरी आदि ने भी विचार व्यक्त किये। वहीं इस दौरान विजय सिंह शक्तावत, राजेंद्र सिंह राणा, मनोहर सिंह सेंधव, बापूलाल धोसरिया, अरुण राठौर, देवकरण पाटीदार, रमेश संदुकलिया, गोपाल पाटीदार, हुकुम पाटीदार, आत्माराम चौहान, सुरेंद्र सेंधव, अर्जुन सेंधव, शुभम तंवर, रायसिंह सेंधव, राजेंद्र सिंह सेंधव आदि उपस्थित थे।

## पानी बचाओ भविष्य बनाओ अभियान अंतर्गत ग्रामीणों को शपथ दिलाई



**सोनकच्छ।** शनिवार को विश्व जल दिवस पर ग्राम पंचायत भवन सांवेर में पानी बचाओ भविष्य बनाओ अभियान अंतर्गत ग्रामीणों को जागरुक करने कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि गोपाल, सचिव अंबाराम मालवीय आदि अतिथि के रूप में उपस्थित थे। ग्रामीणों को प्रोजेक्टर के माध्यम से पानी बचाने के उद्देश्य को समझाया और पानी का सदुपयोग करने की शपथ दिलाई। ग्रामीणों को स्वल्पाहार व उपहार का वितरीत किया। आयोजन क्षेत्र में नर्मदा कालीसिंध सिंचाई परियोजना के प्रथम चरण में काम कर रही एल एंड टी कंस्ट्रक्शन ने किया। कंपनी के परियोजना प्रबंधक अन्ना मलाई के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदीप बाबू, ऋषि तिवारी, राजा एम, तिलक राज आदि उपस्थित थे।

# केसीसी ऋण जमा करने की तिथि बढ़ाने की मांग



जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित देवास के पूर्व उपाध्यक्ष रमेशचंद जायसवाल एडवोकेट ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार हर्षा वर्मा को सौंपा।

**हाटपीपल्या।** सेवा सहकारी समितियों से किसानों द्वारा लिए गए खरीफ फसल ऋण की राशि जमा करने की अवधि 28 मार्च है। 28 मार्च तक ऋण राशि जमा करने पर ब्याज नहीं लगता है, किंतु जो किसान 28 मार्च तक ऋण राशि जमा नहीं कर पाते हैं, उन्हें 10 प्रतिशत ब्याज एवं दंड ब्याज अदा करना पड़ता है। सेवा सहकारी समितियों के केसीसी ऋण जमा करने की अवधि 28 मार्च से बढ़ाकर 30 अप्रैल किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन में बताया कि इस वर्ष सरकार की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी 1 अप्रैल से प्रारंभ होगी तथा उसकी राशि आने में भी समय लगेगा। किसान बिना गेहूं बेचे राशि कैसे जमा करेंगे? विलम्ब से बोए गए गेहूं की कटाई में भी देर लगेगी, सभी परिस्थितियों को देखते हुए 28 मार्च तक ऋण राशि जमा किया जाना संभव नहीं है, इसीलिए ऋण जमा करने की अवधि बढ़ाकर 30 अप्रैल किया जाना आवश्यक है।

# खातेगांव के जवाहर मार्ग चौराहे का नाम मां कर्मा देवी होगा

## विधायक आशीष शर्मा ने की खातेगांव साहू समाज धर्मशाला निर्माण के लिए 20 लाख की घोषणा





**खातेगांव।** खातेगांव नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान, छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू, विधायक आशीष शर्मा, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र चौधरी सहित अनेक जनप्रतिनिधि अतिथि के रूप में कार्यक्रम स्थल डाक बंगला मैदान पर पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत बाइक रैली के साथ हुई। वहीं अपरान्ह 4 बजे डाक बंगला मैदान से कलश यात्रा एवं शोभायात्रा निकाली गई। जिसका नगर में जगह-जगह स्वागत किया गया। केंद्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कर्मा जयंती की शुभकामना देते हुए कहा कि माता कर्मा हम सब की आराध्य है, निश्चित ही साहू समाज के लोग बड़े मेहनती है। साहू समाज के लिए जब भी आवश्यकता होगी हम हर सहयोग के लिए साथ हैं। पत्रकार प्रदीप साहू ने संचालन करते हुए विधायक आशीष शर्मा के समक्ष खातेगांव में साहू समाज द्वारा जो दो एकड़ भूमि क्रय की गई है, उस पर धर्मशाला निर्माण के लिए 50 लाख रुपए की विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य मदों से देने की मांग रखी। जिस पर विधायक शर्मा ने विभिन्न मदों से साहू समाज खातेगांव को 20 लाख देने की घोषणा की। कार्यक्रम में नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र चौधरी ने नगर के जवाहर चौक वाले चौराहे का नामकरण मां कर्मा चौराहा करने की घोषणा की। सांसद विवेक बंटी साहू ने संबोधित करते हुए समाज की हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान समाज की प्रतिभाओं और खिलाड़ियों का मां कर्मा अवार्ड देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मां कर्मा देवी की झांकी में क्षमा मोहनलाल साहू ने मां कर्मा तथा प्रज्ज्वल विकास साहू ने श्रीकृष्ण का रूप धारण किया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष रामनारायण साहू, सुभाष रामाधार साहू, विकास सुभाष साहू, नितिन साहू, दीपक बालाराम साहू आदि ने भी पुरस्कार वितरित किए। कार्यक्रम का संचालन गोपाल साहू, प्रदीप साहू ने किया एवं अंत में आभार खातेगांव साहू समाज अध्यक्ष संतोष पटेल, सुभाष शर्मा, महेंद्र साहू ने माना।

# देवास में सियासी घमासान: पुलिस कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, अंबेडकर प्रतिमा पर कांग्रेस का धरना

**जागरण, देवास।** जिले में इन दिनों राजनीतिक पारा चरम पर है। पुलिस प्रशासन की कथित एकतरफा कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस ने मोर्चा खोल एसपी कार्यालय के सामने स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। यह प्रदर्शन एनएसयूआई जिलाध्यक्ष श्रीकांत चौहान पर दर्ज एफआईआर और अन्य मामलों को लेकर भड़के आक्रोश का परिणाम है।

**एफआईआर से भड़की सियासत:** एनएसयूआई जिलाध्यक्ष श्रीकांत चौहान पर दर्ज एफआईआर के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नाराजगी बढ़ती गई। आरोप है कि पुलिस द्वारा क्रॉस एफआईआर दर्ज नहीं की जा रही और जमानत प्रक्रिया में भी अनदेखी की जा रही है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि चौहान से मिलने पहुंचे समर्थकों को भी हिरासत में लिया गया, जिसे उन्होंने तानाशाही करार दिया है।

**पुलिस पर पक्षपात के आरोप:** धरने पर बैठे कांग्रेस नेताओं ने पुलिस पर सत्ताधारी दल के दबाव में काम करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि विपक्ष से जुड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ चुनिंदा तरीके से कार्रवाई की जा रही है, जबकि सत्ताधारी दल से जुड़े मामलों में नरमी बरती जा रही है।

प्रदर्शनकारियों ने कई मामलों का उल्लेख करते हुए पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं। विजयगढ़ क्षेत्र के एक दिव्यांग सरपंच पर गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज करना, नगर पंचायत उपाध्यक्ष चेतन मीणा एवं नगर निगम नेता प्रतिपक्ष राहुल पंवार पर कार्रवाई जनपद सदस्य देवराज। परमार के पुत्र पर हुए हमले में धारा 307 के तहत मामला दर्ज न करना।

इन घटनाओं को कांग्रेस ने राजनीति से प्रेरित और दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई बताया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनीष चौधरी ने कहा कि जिले में लगातार कांग्रेस कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक निष्पक्ष जांच और न्याय नहीं मिलता, तब तक धरना जारी रहेगा।प्रशासन की ओर से अब तक इन आरोपों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## हिंगलाज जयंती पर भावसार समाज ने निकाली शोभायात्रा



**सोनकच्छ।** मंगलवार को भावसार समाज द्वारा कुलदेवी मां हिंगलाज की शोभायात्रा निकाली। इससे पूर्व समाज मंदिर परिसर में बच्चों व महिलाओं के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। जिनके विजेताओ को पुरस्कृत तथा समाज के वरिष्ठजनों को सम्मानित किया। इस दिन प्रातः मंदिर में विराजित भगवान गणेश जी की प्रतिमा का आकर्षक श्रृंगार किया गया। दिन के 5 बजे मंदिर प्रांगण से कुलदेवी मां हिंगलाज की भव्य शोभायात्रा निकाली। जिसमें समाज के महिला, पुरूष, युवा एवं छोटे बच्चे शामिल हुए। यात्रा में मां हिंगलाज के चित्र को एक सुसज्जित वाहन पर विराजित किया था। यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुई पुनः मंदिर पहुंची। अंत में मां हिंगलाज की महाआरती के बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया।

## देवास में पहली बार चैत्र नवरात्रि में स्थापित होगी माता की प्रतिमा

**देवास।** शहर के इतिहास में पहली बार चैत्र नवरात्रि के अवसर पर माता की प्रतिमा स्थापित कर नौ दिवसीय आराधना की जाएगी। इस भव्य आयोजन को लेकर 'जन चेतना सामाजिक संस्था' द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन की जानकारी देने के लिए एबी रोड स्थित रामाश्रय होटल में प्रेस वार्ता का आयोजन भी किया गया। संस्था अध्यक्ष अजय तोमर ने बताया कि 19 मार्च से 28 मार्च तक चलने वाले इस महोत्सव में धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। 19 से 23 मार्च तक प्रतिदिन रात्रि 7 बजे से पांच दिवसीय गरबा महोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इसके बाद 24 से 26 मार्च तक भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। 27 मार्च को शाम 6 बजे महाभोजन प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। साथ ही प्रतिदिन आरती के पश्चात महाप्रसादी वितरण भी किया जाएगा। महोत्सव का समापन 28 मार्च को शाम 4 बजे आकर्षक झांकियों एवं गरबा के साथ विसर्जन चल समारोह के रूप में किया जाएगा, जो सयाजी गेट से प्रारंभ होकर मीठा तालाब तक पहुंचेगा। कार्यक्रम का आयोजन स्थल वीर सावरकर चौराहा, विकास नगर निर्धारित किया गया है। प्रेस वार्ता में उषा खत्री, अक्षरा तोमर, कविता सिसौदिया, नित्या प्रसाद, सुशीला तोमर, रतना मिश्रा, रितु सावनेर, माया मांझेर, कुसुम दीक्षित आदि ने उपस्थित होकर अपनी-अपनी बात रखी।




## पोस्ट ऑफिस में अकसर लगा रहता है ताला, उपभोक्ता हो रहे परेशान




**पीपलरावां।** केंद्र सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों को भरपूर वेतन दिया जा रहा है, किंतु कर्मचारियों द्वारा शासन के आदेश की अवहेलना कर अपनी मनमर्जी के राजा बनकर बैठे है। ऐसा ही आलम पीपलरावां के पोस्ट ऑफिस का है, जो कभी-कभार ही खुलता है, अधिकांश समय ताला ही लटका रहता है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। मंगलवार को भी दोपहर 12 बजे जब कुछ ग्रामीण पोस्ट ऑफिस पहुंचे थे, किंतु वहां पर ताला लगा हुआ मिला, जो कर्मचारियों की घोर लापरवाही को उजागर करता है। इस संबंध में पोस्ट ऑफिस कर्मचारी प्रियंका चौबे से संपर्क करना चाहा तो उनका मोबाइल बंद मिला।

### सरसों उपार्जन के लिए 20 तक पंजीयन कराएं

**देवास।** उप संचालक कृषि गोपेश पाठक ने बताया कि जिले के किसान समर्थन मूल्य पर सरसों उपार्जन के लिए 20 मार्च तक पंजीयन करा सकते है। जिले के सभी किसान भाई सरसों उपार्जन के लिए पंजीयन केंद्रों एवं कॉमन सर्विस सेंटर पर पंजीयन करा सकते है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव दर्ज हो गया है। जबकि मेरी कक्षा 8 वीं माध्यमिक परीक्षा की अंकसूची एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा सही नाम नरेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव पिता रामदास श्रीवास्तव दर्ज है, जो कि सही है। अतः भविष्य में मुझे मेरे सही नाम नरेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव के नाम से ही जाना-पहचाना व लिखा-पढ़ा जाए।

**नरेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव**
542, मुखर्जी नगर, देवास (म.प्र.)